कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,उज्जैन(म0प्र0)

//स्मरण पत्र//

क्रमांक–985/26 उज्जैन, दिनांक– 31 JAN 2026

प्रति,

समस्त न्यायालय,
जिला मुख्यालय उज्जैन (म.प्र.)।

विषयः– लंबित प्रकरणों की स्कैनिंग करवाये जाने के संबंध में।

संदर्भः– रजिस्ट्री का मेमो नंबर 07 दिनांक 28.02.2024, 93 दिनांक 03.06.2025, 48 दिनांक 02.07.2024 तथा कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक 4499/25 उज्जैन दिनांक 01.05.2025, 7002 दिनांक 10.07.2025।

––00––

उपरोक्तानुसार माननीय रजिस्ट्री के संदर्भित ज्ञापन के द्वारा निराकृत तथा लंबित प्रकरणों का डिजिटाईजेशन किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये हैं जिसके पालन में कार्यालयीन ज्ञापन द्वारा पूर्व में भी समस्त न्यायालयों को प्रत्येक कार्यदिवस में 05 लंबित प्रकरणों को स्कैनिंग सेंटर में भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

दिनांक 01 नवम्बर 2025 से 21 जनवरी 2025 तक की स्कैनिंग रिपोर्ट का अवलोकन करने पर पाया गया है कि कुछ न्यायालयों द्वारा प्रकरण डिजिटाईजेशन हेतु प्रेषित नहीं किये जा रहे हैं। जिससे न्यायालयों के लंबित प्रकरण की स्कैनिंग नहीं हो पा रही है।

अतः उक्त संबंध में निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक न्यायालय से प्रतिदिन कुल 05 प्रकरण जो कि अंतिम तर्क/अंतिम प्रकम/निराकृत प्रकरणों के लिए नियत है साथ ही न्यायालयों के अन्य लंबित प्रकरणों को डिजिटाईजेशन सेंटर में स्कैनिंग हेतु भेजा जाना सुनिश्चित करें। जिससे कि डिजिटाईजेशन का कार्य प्रभावित न हो।

संलग्न-उपरोक्तानुसार,

2/1/2026

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष,
जिला उज्जैन(म.प्र.)

01 Nov to 21 Jan

Sheet1

SNO	Court Name	Cases Send to Digitization Section(Nov-Jan)
1	PDJ Court	0(Almost Scanned)
2	Spl Court	0 (Almost Scanned)
3	Shri Sanjay Raj Thakur	1(Almost Scanned)
4	Shri Pawan Kumar Patel	0
5	Shri Sanjay Shrivastav	9(Almost Scanned)
6	Shri Hemant Savita	0
7	Shri Amit kumar gupta	135
8	Shri Vikas chouhan	0(Almost Scanned)
9	Smt. Manjul pandey	0(Almost Scanned)
10	Shri Ashwin parmar	0(Almost Scanned)
11	Shri Anurag Sharma	0
12	Smt Sarika Bhati	0
13	Smt Sonakshi Chaturvedi Sharma	0
14	Sushri Pooja Bhadoriya	0
15	Sushri Srishti Patel	12
16	Sushri Divyani Singh	0
17	Shri Sitaram Das	1(Almost Scanned)

18	Shri Santosh Saini	35
19	Sushri Parul Jain	0
20	Sushri Deepika Yadav	24
21	Shri Kapil Narayan Bhardwaj	0(Almost Scanned)
22	Shri Raghvendra Patel	0
23	Shri Harsh Bhadoriya	0(Almost Scanned)
24	Shri Arpit Jain	0
25	Sushri Jyoti Fuskele	0
26	Shri Rahul Diwan	0
27	Smt Priyanka Solanki	0
28	Sushri Apoorva Mishra	0

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,उज्जैन(म0प्र0)

//ज्ञापन//

क्रमांक– 7002 /25 उज्जैन, दिनांक– 10/07/25

प्रति,

प्रस्तुतकार/प्रर्वतन लिपिक,
समस्त न्यायालय,
जिला मुख्यालय उज्जैन (म.प्र.)।

विषयः– अंतिम तर्क/अंतिम प्रकम के लिए नियत लंबित/निराकृत के 05 प्रकरण प्रत्येक कार्यदिवस में डिजिटाईजेशन सेंटर के स्कैनिंग सेल में नहीं भेजे जाने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रेषित करने बाबत्।

संदर्भः– कार्यालयीन आदेश कमांक 4499 दिनांक 01.05.2025।

—00—

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत यथाआदेशानुसार लेख है कि प्रत्येक न्यायालयों से प्रतिदिन कुल 05 प्रकरण जो कि अंतिम तर्क/अंतिम प्रकृम/निराकृत प्रकरणों के लिए नियत है डिजिटाईजेश सेंटर के स्कैनिंग सेल में भेजे जाने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था किन्तु यह तथ्य प्रकाश में आया है कि न्यायालयों से लंबित व निराकृत प्रकरण नियमित रूप से डिजिटाईजेशन सेंटर में उपरोक्त निर्देशों के अनुसार प्रेषित नहीं किये जा रहें हैं।

अतः उक्त संबंध में समस्त प्रस्तुतकार/प्रवर्तन लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वे 03 दिवस में अपना स्पष्टीकरण मय पीठासीन अधिकारीगण की स्पष्ट टीप के साथ इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में 05 प्रकरण डिजिटाईजेशन सेंटर के स्कैनिंग सेल में क्यों नहीं भेजे जा रहे हैं। नियत समयावधि में स्पष्टीकरण अप्राप्त होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

10/7/2025

वास्ते– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला उज्जैन(म.प्र.)

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,उज्जैन(म0प्र0)

//ज्ञापन//

क्रमांक– 4499 /25 उज्जैन, दिनांक– -1 MAY 2025

प्रति,

समस्त न्यायालय
जिला मुख्यालय उज्जैन (म.प्र.)।

विषयः– अंतिम तर्क/अंतिम प्रकृम के लंबित प्रकरणों एवं निराकृत प्रकरणों की स्कैनिंग करवाये जाने बाबत्।

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत आदेशानुसार लेख है जिला न्यायालय उज्जैन में डिजिटाईजेशन के कार्य हेतु निम्नानुसार बिंदुओं पर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है:–

01. प्रतिदिन कुल 05 प्रकरण जो कि अंतिम तर्क/अंतिम प्रकृम/निराकृत प्रकरणों के लिए नियत है डिजिटाईजेशन सेंटर में भेजे जाने हेतु संबंधित लिपिक को निर्देशित करने का कष्ट करें।

02. लंबित प्रकरणों को **ईआरपी सॉफ्टवेयर** के पेंडिंग ऑप्शन तथा डिस्पोजल प्रकरणों को लंबित डिस्पोजल ऑप्शन के माध्यम से ही स्कैनिंग सेंटर, जिला मुख्यालय उज्जैन में भेजे जाने का कष्ट करें।

03. समस्त न्यायालयीन प्रकरणों पर फोटोकॉपी, नॉट टू बी स्कैन (x) वाली मुद्रा (सील) आवश्यक दस्तावेजों पर अंकित किये जाने हेतु संबंधित लिपिक को निर्देशित करने का कष्ट करें।

04. निराकृत प्रकरणों को जमा करने के पूर्व प्रत्येक माह अभिलेख स्कैनिंग किये जाने के उपरांत ही अभिलेखागार अनुविभाग में भेजे जाने हेतु संबंधित लिपिक को निर्देशित किये जाने तथा मासिक निराकृत प्रकरणों में इस आशय का प्रमाणीकरण कि अभिलेख स्कैन किया जा चुका है, प्रमाणित कर संबंधित लिपिक द्वारा हस्ताक्षर किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार,

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला उज्जैन(म.प्र.)

पृष्ठांकन क्रमांक–...../25 उज्जैन, दिनांक–

प्रतिलिपि– 01. कोर्ट मैनेजर, जिला न्यायालय उज्जैन की ओर उक्त समस्त कार्यवाही का अपडेट जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, जिला उज्जैन से प्राप्त कर साप्ताहिक प्रतिवेदन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन के समक्ष प्रेषित किये जाने हेतु सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Sd

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला उज्जैन(म.प्र.)